संख्या-5/1/2018-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 28 सितम्बर, 2018

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - अगस्त, 2018

अगस्त, 2018 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 301 (तीन सौ एक) अंको के स्तर पर स्थिर रहा। सूचकांक में जुलाई, 2018 एवं अगस्त, 2018 के बीच स्थिरता बनी रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच भी स्थिर थी।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान विविध एवं खाद्य समूहों का रहा जिसने कुल बदलाव को क्रमशः (+) 0.25 तथा (+) 0.07 बिंदु प्रतिशत्ता से प्रभावित किया। मदों में चावल, गेंहू, गेंहू आटा, मूंगफली का तेल, बैंगन, बंद गोभी, गाजर, परवल, आम (पका हुआ), चीनी, रसोई गैस, पेट्रोल, कांच के आभूषण, इत्यादि सूचकांक वृद्धि में सहायक रहे। इसके विपरीत, ताजी मछली, पोल्ट्री (चिकन), अण्डे (मुर्गी), प्याज, फ्रेंच बीन, मेथी, मटर, मूली, टमाटर, सेब, अमरूद, इत्यादि ने सूचकांक में वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

अगस्त, 2018 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 5.61 प्रतिशत पर स्थिर रहा तथा गत वर्ष के इसी माह में यह 2.52 प्रतिशत था। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के (-) 0.32 प्रतिशत की तुलना में स्थिर रहा तथा एक वर्ष पूर्व इसी माह यह 1.61 प्रतिशत था।

केन्द्र-स्तर पर, रांची-हटिया एवं भावनगर के सूचकांक में 5 अंक प्रत्येक की अधिकतम वृद्धि रही जिसके बाद कोडरमा (4 अंक) रहा। अन्य में, 9 केन्द्रों में 3 अंक, 7 केन्द्रों में 2 अंक तथा 13 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत पुणे एवं त्रिपुरा में 3 अंक की कमी रही। अन्य 6 केन्द्रों में 2 अंक तथा 15 केन्द्रों में 1 अंक की कमी रही। शेष 23 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

37 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 41 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी सितम्बर, 2018 माह के लिए दिन बुधवार, अक्तूबर 31, 2018 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www.labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक